डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
Office : Mohaan Road, Lucknow - 226 017, Website : http://dsmru.up.nic.in

कार्यालय–ज्ञाप

{शैक्षणिक सत्र 2019–20 के परास्नातक स्तरीय समस्त पाठ्यक्रमों के अन्तिम अधिसत्र (फाइनल सेमेस्टर) के सत्रान्त/वर्ष की परीक्षा आयोजन के संबंध में}

वर्तमान में कोविड–19 वैश्विक महामारी की विषम परिस्थिति के दृष्टिगत् विश्वविद्यालय शैक्षणिक सत्र 2019–20 के परास्नातक स्तरीय समस्त पाठ्यक्रमों के अन्तिम अधिसत्र (फाइनल सेमेस्टर) के सत्रान्त/वर्ष की परीक्षा के सफल आयोजन के संबंध में विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की सप्तम् बैठक के बिन्दु संख्या–3/7 एवं 4/7 में प्रदत्त अनुमोदन एवं कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या सी.ओ.ई.–51 दिनांक 28.08.2020 के अनुसार माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 02.09.2020 को अपराह्न 12:00 बजे सभागर, पंचम तल, प्रशासनिक भवन, विश्वविद्यालय में आहूत बैठक में सम्यक् विचार–विमर्शोपरान्त लिये गये निर्णय के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त परास्नातक स्तरीय समस्त पाठ्यक्रमों के अन्तिम अधिसत्र (फाइनल सेमेस्टर) के सत्रान्त/वर्ष की परीक्षाओं को विभागीय स्तर पर संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा आयोजित/सम्पन्न कराया जायेगा।

इस संबंध में संबंधित विभागाध्यक्ष द्वारा दिनांक 12.09.2020 से दिनांक 19.09.2020 के मध्य समयावधि प्रातः 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक के मध्य परीक्षा समय–सारणी निर्धारित कर निर्गत करते हुए उसी के अनुरूप परीक्षायें सम्पन्न करायी जायेंगी। उक्त समय–सारणी की एक प्रति परीक्षा नियंत्रक कार्यालय तथा एक प्रति प्रभारी, सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु उपलब्ध करायी जायेगी।

प्रायोगिक/मौखिक परीक्षायें आन्तरिक/वाह्य परीक्षक द्वारा ऑन–लाइन/ऑफ–लाइन माध्यम से विभागाध्यक्ष द्वारा सम्पन्न करायी जायेंगी।

उपरोक्तानुसार अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पत्रांकः COE-56/पत्रा.सीओई–165ए/डीएसएमएनआरयू/2020–21 दिनांक 02.09.2020

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय।
5. समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
6. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय।
7. कुलानुशासक, विश्वविद्यालय।
8. संबंधित अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
9. प्रभारी, सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय को वेबसाइट पर तत्काल अपलोड हेतु प्रेषित।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव